हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 25 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

11 बच्चों ने रंगोली, चित्रकला व पोस्टर...



11 छेपड़ापारा और नयापारा वासियों के लिए लगाई ...



[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

## खबर संक्षेप

### बागोडार में मितानिनों का किया गया सम्मान



**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम पंचायत बागोडार एवं जन सेवा संस्था के द्वारा बागोडार में मितानिनों का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा सभी मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। जन सेवा संस्था की ओर से कापी एवं पेन से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत सरपंच रोहिदास नेताम, सोनी लाल जैन, आदो राम सार्वा, नरेशराम पटेल, छबीलाल कोराम, राम कुमार साहू, रितेश कुमार कोर्राम व मितानिन उपस्थित रहें।

### डिप्टी सीएम के जन्मदिन पर आज विविध कार्यक्रम

**चारामा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और कांकेर जिला के प्रभारी मंत्री का आज 25 नवंबर को जन्मदिन पर चारामा नगर में विविध आयोजन किए जाएंगे, जिसके तहत सुबह 7 बजे चारामा नगर में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया जाएगा, साथ ही नगर चारामा के हॉस्पिटल में फल वितरण और रक्तदान का कार्यक्रम किया जाएगा और जिन जिन व्यक्ति को रक्त दान करना है, वो रक्त दान कर सकते है। कोरर चौक मंगल भवन में नगर पंचायत चारामा के अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन के द्वारा भोजन की व्यवस्था किया गया है, इस पुनीत कार्य मे सभी सम्मलित होकर भागीदारी सुनिश्चित करे।

### शिव महापुराण कथा आज से 1 दिसंबर तक


**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के वार्ड क्रमांक 3 शिव चौक नाकापारा में श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन निर्धारित दिन में सुबह 7 से 9 बजे तक वंदना से और दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक शिव महापुराण की कथा का वाचन किया जाएगा। कथा का वाचन पंडित विकास दत्त दुबे द्वारा किया जाएगा। 25 नवंबर को कलश यात्रा, देव स्थापना, चंचुला देवी की कथा, 26 नवंबर शिवलिंग की कथा, माता पार्वती की शिव भक्ति, 27 नवंबर को दक्ष प्रजापति यज्ञ की कथा, वीरभद्र का प्राकट्य, 28 नवंबर को मैना देवी जन्म कथा, पार्वती माता विवाह, 29 नवंबर को तारकासुर वध की कथा, 30 नवंबर को कीतार्जुन कथा और शिव तांडव स्तुति,1 दिसंबर को डॉक्टर ज्योतिषीलाल की कथा एवं पुर्णाहुति कर समापन किया जाएगा।

# बांदे लैंपस प्रबंधक ने डिपाजिट के नाम पर 5 लाख वसूले और 3 लाख का दिया रसीद

## सहकारिता मंत्री और विधायक से प्रबंधक की शिकायत, मिला जांच का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बांदे

बांदे उपतहसील के ग्राम बेलगाल निवासी राकेश पवार पिता परातु पवार ने सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं विधायक विक्रम उसेंडी को शिकायत पत्र सौंपते हुए कार्यवाही की माँग किया है। शिकायतकर्ता के द्वारा सौपे गए पत्र में लिखा है कि पिछले वर्ष 2023-24 में नवीन धान संग्रहण केन्द्र बेलगाल में केन्द्र प्रभारी तथा आफताब पवार (सहायक) के साथ कार्य किया था। बेलगाल धान संग्रहण केन्द्र अधीर दास के नाम से संचालित हुआ था और अधीर दास द्वारा गुमराह कर 5 लाख रूपए डिपोजिट के नाम से जमा करने कहा। हम ग्रामवासी मिलकर उक्त पैसे को अन्य स्थान से ब्याज में लाकर जमा किए, जबकि बाकी उपार्जन केन्द्र से 3 लाख रूपएं डिपोजिट के तौर पर लिया गया था। काम के अंतिम समय में मुझे 3 लाख की रसीद आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित बांदे के नाम से दिया गया और शेष 2 लाख रूपएं का जिक्र रसीद में नहीं किया गया। मैने दो लाख के बारे में बोला तो उसने कहा कि यह रकम बाद में लौटा दूंगा। अधीर दास पैसा ना लौटाकर हमारे नाम से वसूली का नोटिस जिला सहकारी बैंक के माध्यम से भिजवा दिया है। सुखती (कमी) में तीन प्रतिशत माफ है, जबकि बेलगाल केन्द्र में परिवहन नहीं होने के कारण 2.84 सूखती (कमी) आया है। पैसा वापिस मांगने पर अधीर दास द्वारा कहा जाता है कि तुम्हारा पैसा ऊपर में तत्कालीन विधायक को दिया गया है, अभी कोई पैसा-वैसा नहीं है। इसके साथ ही इस विषय को लेकर हमारे प्रति नाराजगी जताते हुए इस वर्ष हमें काम पर न रखकर बाहरी व्यक्ति को बुलाकर काम दिया गया। मामले की जाँच कर कार्यवाही की माँग किया है।



### झूठा आरोप लगाया गया

लैंपस प्रबंधक अधीर दास से इस विषय पर जानने के लिए उनके मोबाईल पर संपर्क किया गया, उनका कहना था कि मेरी शिकायत हुई है, इसकी जानकारी मुझे मिली है। मेरा इसमें यही कहना है कि शिकायतकर्ता के परिवार के सदस्य के द्वारा फड़ लेने आवेदन किया था और फड़ नहीं मिलने पर इस तरह का झूठा आरोप लगाया गया है।

## सियासत : भाजपा संगठन चुनाव के लिए पात्रता का फंडा तय

# जिला और मंडल अध्यक्ष के लिए अब भाजपा में आयु सीमा निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- मंडल अध्यक्ष के लिए 45 और जिलाध्यक्ष के लिए 60 साल
- 1 से 15 तक मंडल और 15 से 30 दिसंबर तक जिला संगठनों का चुनाव किया जाएगा
- पदाधिकारी बनने के लिए कम से कम 50 सदस्य बनाना अनिवार्य

सदस्यता अभियान के बाद अब भाजपा अपने संगठन चुनाव कराने जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने नवंबर में बूथ के चुनाव के समाप्त होने के बाद 1 से 15 दिसंबर तक मंडल और 15 से 30 दिसंबर तक जिला संगठनों का चुनाव कराने का फैसला किया है। बूथों का चुनाव 30 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। खास बात यह है कि इस बार उम्र की सीमा भी पदों को लेकर तय कर दी गई है। मंडल अध्यक्ष के लिए 45 साल एवं जिला अध्यक्षों के लिए अधिकतम 60 साल उम्र तय की गई है। इस दायरे में आने वाले नेताओं को ही अब जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ संगठन व वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक लिया। इस बैठक में कई निर्णय लिए गए, उसी के तहत उम्र वाला निर्णय लिया गया। भाजयुमों अध्यक्ष के लिए जिस तरह से उम्र की सीमा को विगत चुनाव में बांध दिया गया था, उसी तरह से अब मंडल और जिलाध्यक्ष के लिए भी उम्र की सीमा को तय किया गया है। बूथ की टीम लगभग तय हो चुकी है और इसे अंतिम रूप देने के लिए अब केवल 6 दिन बचे हुए है। बूथ की पूरी टीम 30 नवंबर तक बनाने के लिए फरमान जारी हुआ था, यह अंतिम डेट लाईन है। बूथ की टीम पूरी तैयार हो जाने के उपरांत 1 से 15 नवंबर तक मंडल की टीम के गठन की शुरूआत हो जाएगी और 15 नवंबर तक जिले को नए मंडल अध्यक्ष मिल जाएंगे, वास्तव में यह चुनाव करवाकर चुने जाएंगे या पिछले समय की तरह ऊपर से थोप दिए जाएंगे। संगठन में जब भी मंडल अध्यक्ष थोपे गए, तब तक संगठन कमजोर हुआ है। इस बार भी जिले के नेताओं के ईशारे पर मंडल अध्यक्ष बनाए गए, तो यह तय है कि संगठन विगत समय से भी ज्यादा कमजोर साबित हो सकता है।



### बूथों में चुने जा रहे अध्यक्ष

अगले महीने से शुरू होने वाली मंडल एवं जिला अध्यक्ष चयन की प्रकिया से पहले जिले में सभी बूथ पर चुनाव अंतिम पायदान में है। बूथ के लिए पदाधिकारियों का चयन किया जा रहा है, लगभग अधिकतम जगह बूथ की टीम गठित हो चुकी है। खास बात यह है कि सभी पदों पर उन्हीं नेताओं का चयन होगा, जिसने सदस्यता अभियान के तहत कम से कम 50 सदस्यों को जोड़ा होगा।

### एक लाख सदस्य अभी तक बन चुके

जिले में भाजपा ने अभी तक एक लाख नए सदस्य बना लिए है और 30 नवंबर तक प्रकिया जारी है, जिसके चलते आंकड़े में वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा 50 या इससे अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने वाले नेताओं को सक्रिय सदस्य का तमगा दिया जा रहा है। चुने हुए जनप्रतिधियों विधायक व सांसद को सदस्य बनाने का लक्ष्य भी दिया गया था। कांकेर जिले में भाजपा के दो विधायक और एक सांसद में केवल कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने लक्ष्य को पूरा करते हुए 10 हजार से ज्यादा सदस्य बना लिए है, वहीं अन्य इस लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाएं है।

# आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने बदमाशों और बाहरी लोगों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शहर में हो रही चोरी व विभिन्न अपराधों की रोकथाम एवं असमाजिक तत्वों तथा दीगर राज्य (बाहरी) व्यक्तियों पर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा कांकेर पुलिस को मिला था, उसी के तहत दीगर राज्यों के द्वारा जानकारी नहीं दिए जाने पर लगातार कार्यवाही जारी है।

मुखबिर से 24 नवंबर को कांकेर पुलिस को जानकारी मिला कि 8 व्यक्ति ठेल्काबोड़ कांकेर में संदिग्ध रूप में लुकछिप रहे हैं। मामले की तस्दीक कर ईलाके की घेराबंदी किया गया। कार्यवाई के दौरान 10 व्यक्ति मिलने पर उनसे पूछताछ करने पर गोल मोल जवाब देने लगे। कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम 20 वर्षीय भीमा बापूराव चिकुलकर पिता बापूराव, 50 वर्षीय बापूराव चिकुलकर पिता माख्ती, 40 वर्षीय लक्ष्मी चिकूलकर पति बापूराव चिकूलकर तीनो महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिला, थाना वरोरा अंतर्गत वार्ड वरोरा निवासी, 30 वर्षीय लक्ष्मण गुजेकर पिता मधुकर, 29 वर्षीय शशिकला पति लक्ष्मा कुजेकर, 30 वर्षीय रामनत्थु गुंजेकर पिता नत्थु गुंजेकर तीनो वार्ड महालक्ष्मी नगर थाना ब्रम्हपुरी जिला चंद्रपुर महाराष्ट्र निवासी, 35 वर्षीय मनोहर भीमा वाडेस्कर पिता वाडेस्कर, 34 वर्षीय अनुसूईया मनोवडस्कर पति मनोज वडस्कर, 24 वर्षीय राजकुमार देवड़कर पिता सिनू देवड़कर, 20 वर्षीय पूर्णिमा देवड़कर पति राजकुमार देवड़कर, 34 वर्षीय राजेश एलोरी पिता संत्राशिवा, 32 वर्षीय संगीता एलुरी पति राजेश सांवाशिव एलोरी सभी शारदा कालोनी थाना बम्हपुरी जिला चंद्रपुर महाराष्ट्र का रहने वाला बताया। दीगर राज्य के लोगो से कई जानकारी माँगने पर जानकारी नहीं देने पर आए दिन चोरी व अन्य घटनाएं होने से परिशांति कायम रखने के लिए मौके पर उक्त 12 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा128 बीएनएसएस का इस्तगासा तैयार कर उक्त लोगो को प्रतिबंधित करने इस्तगासा न्यायालय पेश किया गया। अनावेदकों के पास प्रप्त वहानों के संबंध में तस्दीक कर पृथक से वैधानिक कार्यवाही कि जा रही है।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद की जिला इकाई गठित, दी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक शनिवार को चारामा विश्रामगृह में हुई। बैठक में जिले के अलग-अलग विकासखण्ड के सभी पूर्व सैनिक एवं संगठन से जुड़े पूर्व सैनिक शामिल हुए। बैठक में प्रदेश संयोजक पूर्व सैनिक रवि साहू की उपस्थिति में जिला इकाई गठन कर पदाधिकारियो को जिम्मेदारी दी गई।

आयोजित बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से संगठन के पूर्व सचिव राजेश जैन को संगठन की नई जिम्मेदारी देते हुए जिलाध्यक्ष बनाया गया एवं साथ ही पदाधिकारियो की भी नियुक्ति की गई। संरक्षक रवि साहू एंव गिरिश कुमार गौतम, मार्गदर्शक मुकेश गजेन्द्र नायब तहसीलदार, संगठन मंत्री नूर अली, उपाध्यक्ष बालाराम जैन, आनंद नरेटी, सलाहकार पीएल प्रजापति, सुबेदार जगमोहन साहू, प्रकाश साहू, देवराम जैन, गजेन्द्र साहू, सचिव नुरेश गंगबेर, सह सचिव थनवार साहू, कोषाध्यक्ष सीएल गावडे, सह कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सुरोजिया, मीडिया प्रभारी खेमराज साहू, सह मीडिया प्रभारी लिलेश्वर कुंजाम, जिला कार्यकारिणी सदस्य अश्वनी ध्रुव, पुरूषोत्तम नागवंशी, दिनेश सार्वा, राजू साहु, सीपी सिन्हा को बनाया गया। सभी पदाधिकारियो को पुष्प गुच्छ प्रदान कर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। संगठन के विस्तार और आगे की योजनाओ पर चर्चा हुई। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश जैन ने सभी पदाधिकारियों ▸▸| शेष पेज 10 पर



## मितानिनों का किया नपं अध्यक्ष ने सम्मान

**चारामा।** मितानिन दिवस के अवसर पर नगर पंचायत चारामा के कार्यालय भवन में मितानिनों कर तिलक वंदन कर साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मितानिनों के उनके कार्य और दायित्यो की सराहना किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने कहा कि आप सभी मितानि बहनों का महत्वपूर्ण कार्य स्वास्थ्य सुविधा दिलाना, बच्चो को टीका लगवाना, गर्भवती महिलाओं की देखरेख, उन्हे अस्पताल ले जाना, जच्चा बच्चा को स्वस्थ रखना, पोषण आहार संबंधी जानकारी देना, ऐसे लोगो के साथ जमीन से जुड़कर घर घर पहुंच कर लोगो के दुख-दर्द में सहयोग करते हो। पार्षद उमा देवी शर्मा ने मितानिन बहनों को तन मन से बखूबी कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान पार्षद नंद किशोर गौतम, पूर्व पार्षद रजनी यादव, केशरी देवांगन, खुशी जोतवानी, अनिता क्रिदत, सुलोचना भोयर, चंपा कौशिक, आशा पाण्डेय, नीतू यादव, पुनीता सिन्हा, ज्योति साहू, पूजा सोनकर, ईश्वरी सेन, रीना यादव, सुनीता रंगारे व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# मितानिनों को साड़ी और श्रीफल देकर रिसेवाड़ा में किया सम्मान



**नरहरपुर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा में मितानिन दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच बबिता कोड़ोपी व उप सरपंच सुरेश पटेल के अतिथ्य में मितानियों को साड़ी व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के उप सरपंच ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगाने से लेकर गर्भवती महिलाओं को देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। मितानिनों ने भी ग्राम पंचायत के द्वारा सम्मान समारोह का आभार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि प्रारंभ से ही निस्वार्थ भावना से सेवा कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। शासन स्तर पर भी हमारे लिए कुछ अच्छी पहल की जानी चाहिए ताकि हम और भी उत्साह से अपने दायित्व को अच्छे निर्वाह कर सके। आयोजित कार्यक्रम के दौरान वार्ड पंच संगीता पटेल, भगवान सिंह मंडावी, दुर्जन पटेल, सचिव मिलन यादव व मितानिन बहने उपस्थित रही।

## महंगाई ने बिगाड़ा सभी का बजट, नहीं मिल रही राहत

# विवाह के लिए आज से मुहूर्त, कैटरिंग के साथ घोड़ी-बाजा के किराए में तेजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- दिसंबर में कई मुहूर्त, बाजार में ग्राहकी बढ़ी

तुलसी विवाह देवउठनी एकादशी के बाद से शुभ मुहूतों का क्रम शुरू हो चुका है। लगातार वैवाहिक मुहूतों के चलते वैवाहिक आयोजनों की धूम है। हालांकि सब्जियो से लेकर तेल व अन्य सामाग्रियो के दाम बढ़ने की वजह से परिवारो के बजट पर असर दिखा है, वहीं कैटरिंग से लेकर घोड़ी और बैंड की बुकिंग के दाम भी बढ़ गए है, जिसकी वजह से शादियो का खर्चा भी बढ़ गया है। वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए बाजार में खरीदी करने का दौर भी जारी है।

उल्लेखनीय है कि लोगों को काफी समय से शुभ मुहूर्तों का इंतजार बना हुआ था। देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह पर्व के बाद से अब नवंबर एवं दिसंबर माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्तों का क्रम बना हुआ है, जिससे लोगों की व्यस्तता बनी हुई है। सार्वजनिक भवन बुक जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होने हैं, उन्होंने पूर्व से ही सार्वजनिक भवनों, हॉटल-लान इत्यादि भी पूर्व से ही आरक्षित कर लिए है। वैवाहिक आयोजनों से जुड़े व्यवसायी भी इन दिनों व्यस्त हैं, जिसमें कैटरिंग, डेकोरेशन, बाजे-गाजे भी पूर्व से आरक्षित करा लिए गए हैं। पंचाग के मुताबिक नवंबर माह में आगामी दिनों 25 व 26 तारीख को शुभ वैवाहिक मुहूर्त है। इसी तरह दिसंबर माह में 2, 3, 4, 10, 13 व 15 तारीख को वैवाहिक मुहूर्त है। अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से वर्ष के समापन माह दिसंबर में 6 मुहूर्त है। तत्पश्चात अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से नववर्ष जनवरी से पुनः वैवाहिक मुहूर्त है।




### बाजार में बढ़ी चहल-पहल

बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल भी बढ़ी है, जिससे बाजार में रौनक बनी हुई है। वैवाहिक आयोजनों से संबंधित सामग्रियों की मांग लोगों के बीच है। बाजार में आभूषण, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन, फर्नीचर सहित अन्य दुकानों में लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है और खरीदी भी जारी है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज



